सारांश

किशोरावस्था में बालक और बालिकाओं के मानसिक तथा शारीरिक विकास प्रारंभ हो जाते हैं, साथ ही साथ उनकी सोचने और समझने की शक्ति भी बढ़ती है। **जी. स्टेनल हॉल (1904)** ने *किशोरावस्था को संघर्ष, तनाव, तूफान तथा विरोध का अवस्था कहा* है। इसे असमंजस की स्थिति भी कहा जाता है। प्रस्तुत शोध के अंतर्गत किशोरावस्था में बालक एवं बालिकाओं के मैत्री व्यवहार उनके शिक्षण तथा सामाजिक परिवेश अथवा आदतों को किस प्रकार प्रभावित करते हैं, का अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन के अंतर्गत वाराणसी जनपद के इंटरमीडिएट स्तर के तीन विद्यालयों (बालक वर्ग, बालिका वर्ग तथा बालक-बालिका वर्ग) की तीन कक्षाओं (कक्षा 8, कक्षा 9 तथा कक्षा 11) के कुल 150 विद्यार्थियों का प्रतिदर्श के रूप में चयन यादृच्छिक प्रतिदर्शन विधि द्वारा किया गया। जिसमें से प्रत्येक कक्षा (कक्षा 8, कक्षा 9 तथा कक्षा 11) के बालक तथा बालिका वर्ग के 15-15 तथा बालक-बालिका वर्ग के 20 विद्यार्थियों को लिया गया। इस शोध हेतु गुणात्मक शोध विधि का उपयोग किया गया है। शोध परिणाम से यह ज्ञात होता है कि मित्रों की आवश्यकता पढ़ाई में सहायता, मुसीबत में सहायता, सुख-दुख में साथ तथा बातों को साझा करने के लिए होती है। सहपाठी मित्र स्कूल के कार्यों के लिए तथा पड़ोसी मित्र घर में सहायता के लिए आवश्यक होते है। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि किशोरावस्था में मित्रों की भूमिका माता-पिता तथा शिक्षक से अधिक होती है। किशोर विद्यार्थियों के मैत्री व्यवहार उनके शैक्षिक प्रदर्शन तथा सामाजिक परिवेश को भी प्रभावित करते हैं।

मुख्य शब्द : मैत्री व्यवहार, सहपाठी मित्र, पड़ोसी मित्र, किशोरावस्था।

Summary

In adolescence, mental and physical development of the boys and girls are started, as well as increase their ability to think and understand. **G. Stanley Hall (1904)** has called adolescence a state of conflict, stress, storm and protests. It is also called a state of confusion. In the present research, studied that how friendship behavior affect their teaching and social environment or habits of boys and girls in adolescence. In this study, the selection of three intermediate level schools (boys, girls and combind) of three classes (class 8, class 9 and class 11) of 150 students as a sample of the Varanasi district by random sampling method. Out of which the students of each class (class 8, class 9 and class 11) 15-15 of girls and boys group and 20 were taken of boys-girls group. The qualitative research method is used for this research. Results of research shows that friends are required to help in studying, help in trouble, accompany happiness and misery and to share things. Classmate friend is required to work for school and neighboring friend to help at home. In conclusion, it can be said that the role of friends in adolescence is more than parents and teachers. Friendship behavior of adolescence students influences their educational performance and social environment.

Key words: Friendship behavior, classmates, neighboring friends, adolescence.